## सार-समाचार

### अग्र संगम की तैयारी जोरों पर

**उदयपुर**, (कासं)। अग्र शिरोमणि भगवान श्री अग्रसेन जी की 5149 वी जन्म जयंती के उपलक्ष में उदयपुर जिला अग्रवाल सम्मेलन की युवा इकाई अग्रवाल युवा सम्मेलन द्वारा 13 सितंबर को सुखाड़िया रंगमंच पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम अग्र संगम 2025 सांस्कृतिक संध्या की तैयारियां जोरों पर है।युवा सम्मेलन के अध्यक्ष विक्रम अग्रवाल संरक्षक डॉ नवनीत अग्रवाल महामंत्री नलिन गुप्ता ने संयुक्त विज्ञप्ति में बताया कि पश्चिम राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष केके गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष वीणा अग्रवाल, रविंद्र अग्रवाल, जिलाध्यक्ष मदन अग्रवाल, चंचल अग्रवाल एवं संभागीय प्रवक्ता राजेश अग्रवाल के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में समाज की महिलाएं पुरुष एवं बच्चे आगामी दो दिनों तक पूरे शहर में समाज जनों को पीले चावल देकर कार्यक्रम में आने का निमंत्रण देंगे। प्रदेश अध्यक्ष के की गुप्ता ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी का समाजवाद और एकात्मता का संदेश आज के परिपेक्ष में बहुत ही प्रासंगिक है कार्यक्रम में समाज अपनी प्रतिभाओं जिसमें विशेष रूप से डॉक्टर एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को सम्मानित किया जाएगा।

### पहली बार बनेगी पक्की सड़क

**भीण्डर**, (निसं)। भीण्डर नगर पालिका के वार्ड 23 में एक सड़क पहली बार पक्की बनेगी, जिससे लोगों को कीचड़ से राहत मिलेती तो दूसरी खस्ताहाल हो रही सड़क से भी निजात मिलेगी। दोनों सड़कों का मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष निर्मला भोजावत ने शिलान्यास कर निर्माण कार्य शुरू करवाया। उल्लेखनीय हैं कि वार्ड 23 में हीरालाल चौबीसा के मकान से विष्णु रेगर के मकान तक कच्ची सड़क ही थी, पिछले वर्षों में दो बार सड़क बनने के आदेश जारी होने के बाद भी सड़क नहीं बन सकी थी। इस बार पालिकाध्यक्ष निर्मला भोजावत, उपाध्यक्ष मगनीराम रेगर ने मोहल्लेवासियों से वार्ता करके सीसी रोड का निर्माण शुरू करवा दिया। इसके अलावा वार्ड 23 में ही घनश्यामजी के मकान से गोविन्दसिंह के मकान तक की सड़क काफी समय ये खस्ताहाल हो रही थी, मोहल्लवासी काफी समय से मांग कर रहे थे।

### विद्यार्थियों का किया सम्मान

**भीम**, (निसं)। कस्बे के बदनोर चौराया स्थित गुरुकुल विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय भीम के विद्यार्थियों ने 34 वी उच्च माध्यमिक - माध्यमिक विद्यालय की खेल प्रतियोगिता में भाग लिया था।विद्यालय के विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर की प्रतियोगिता में चयनित हुए। संस्था की डायरेक्टर आशा जैन ने बताया कि 14 वर्षीय प्रतियोगिता में विद्यालय के 6 विद्यार्थियों ने जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में भाग लिया था।जिनमें अजेंद्र सिंह,प्रहलाद रावल ,हितेश सिंह,कमलेश गुर्जर,रमेश सिंह,देवराज सिंह थे। सभी 6 विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए राजसमंद जिले की टीम में चयनित हुए ।आगामी दिनों में प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थी टोंक जायेंगे।इसमें कमलेश गुर्जर का लगातार दूसरी बार राज्य स्तर की प्रतियोगिता में कोच रमेश कुमावत ने अपने अथक परिश्रम से बच्चों को प्रतियोगिता के लिए तैयार किया साथ ही 19 वर्षीय योगासन प्रतियोगिता में विद्यालय के 5 विद्यार्थियों ने भाग लिया था उनमें से दो विद्यार्थी संजय मेवाड़ा और प्रमोद सिंह का राज्य स्तर पर चयन हुआ।

### दुष्कर्म पीड़िता ने दिया बच्चे को जन्म

**डूंगरपुर**, (निसं)। बिछीवाडा थाना क्षेत्र की 15 साल की नाबालिग रेप पीडिता ने एक नवजात को जन्म दिया। जन्म के 2 दिन बाद अस्पताल में इलाज के दौरान नवजात की मौत हो गई। 8 महीने पहले नाबालिग के साथ रेप की वारदात हुई थी। आरोपी उसे मजदूरी दिलाने के नाम पर साथ ले गया और डरा धमकाकर वारदात को अंजाम दिया था। बिछीवाडा थानाधिकारी ने बताया कि 14 वर्षीय नाबालिग 8 वीं कक्षा में पढती थी। 8 महीने पहले आरोपी उसे मिला और कहा कि उसकी बहन उसके साथ में काम करती हैं। उसे भी वह मजदूरी दिला देगा ओर साथ चलने के लिए कहा। जिस पर नाबालिग उसके साथ चली गई। आरोपी ने उसे एक कमरे में ले जाकर जबरन रेप किया। इसके बाद आरोपी अपने कामकाज से गया। उस दौरान मौका पाकर नाबालिग भाग गई। डर की वजह से नाबालिग ने भी अपने घर पर किसी को घटना के बारे में नहीं बताया। 4 महीने बाद नाबालिग ने अपनी मां को पूरी बात बताई। रेप की वजह से नाबालिग गर्भवती हो गई। इसके बाद नाबालिग पीडिता की मां ओर परिवार के लोग आरोपी के घर गए, लेकिन कोई बात नहीं हुई। जिस पर पीडिता ने थाने पर आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई। वहीं, गर्भवती नाबालिग ने रविवार को एक नवजात को जन्म दिया। नवजात की हालत खराब होने पर उसे डूंगरपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इलाज के दौरान सोमवार रात को नवजात की मौत हो गई। जिस पर बिछीवाडा थाना पुलिस अस्पताल पहुंची। नवजात के शव को मोर्चरी में रखवाया। वहीं,पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

### पुलिया पर बहते पानी में घुसाई जीप

**उदयपुर**,(कासं)। उदयपुर में बीती रात दो युवक बंद रास्ते पर जहां पानी बह रहा था से जीप पार करने की कोशिश में फंस गए। मौके पर डबोक पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम ने क्रेन से दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला। डबोक थानाधिकारी हुकम सिंह के अनुसार डबोक थाना क्षेत्र के पास ओरडी-नांदवेल पुलिया पर पानी के तेज बहाव के चलते रास्ता बंद कर रखा था। लेकिन ओपन जीप में आए इन दोनों युवको ने कांटे, झाडयिां और पत्थर हटाकर जीप को पुलिया के बीचों-बीच ले जाकर रोक दी और जीप बंद पड गई। रात करीब साढे दस बजे उदयपुर पुलिस कंट्रोल रूम को इसकी सूचना मिली। दोनों युवकों की पहचान विक्रम सिंह पुत्र निर्भय सिंह और कान्हा सिंह पुत्र मनोहर सिंह निवासी कानोड के बीडवा खेडा के रूप में हुई है।

### स्वागत कार्यक्रम का आयोजन

**उदयपुर**,(कासं)। पेसिफिक मेडिकल विष्वविद्यालय के पेसिफिक कॉलेज ऑफ़ फिजियोथैरेपी में विश्व फिजियोथैरेपी दिवस 8 सितम्बर के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फिजियोथैरेपी के नए सत्र की शुरुआत के साथ नवागंतुक छात्रों का स्वागत समारोह भी आयोजित किया गया।इस अवसर पर पेसिफिक मेडिकल यूनिवर्सिटी के विष्वविद्यालय के प्रेसिडेन्ट डॉ.एम.एम. मंगल,पीएमसीएच के प्रिंसिपल डॉ.उम्मेद सिंह परिहार ने उपस्थित समस्त छात्र-छात्राओं, फैकल्टी सदस्यों और अतिथियों को विश्व फिजियोथैरेपी दिवस की शुभकामनाएं दी।


प्रारूप-10 ( नियम-6 ( 7 ) देखिए )

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद,राजसमन्द**

**लोक-सूचना**

सं. 4907 दिनांक: 9/09/2025

श्रीमती मधु अग्रवाल पत्नी श्री जगदीशचन्द्र अग्रवाल निवासी कावड़िया हॉस्पीटल के पीछे श्रीराम नगर 100 फीट रोड़ राजसमन्द , श्रीमती राजकुमारी पत्नी श्री गिरीश उर्फ गिरीजाशंकर अग्रवाल निवासी 100 फीट रोड अरिहन्त विहार पॉवर हाउस के पास राजसमन्द, श्री गिरिजाशंकर पिता श्री मनोहर लाल गुप्ता निवासी 100 फीट रोड अरिहन्त विहार पॉवर हाउस के पास राजसमन्द, श्री जगदीशचन्द्र पिता श्री घनश्यामलाल अग्रवाल निवासी भगवानदास मार्केट कांकरोली हाल निवासी कावडिया हॉस्पीटल के पीछे श्रीराम नगर 100 फीट रोड़ राजसमन्द इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र.स. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजसमन्द | कांकरोली | 472/3 | रकबा 0.0405 हैक्टेयर |
| | | | 472/4 | रकबा 0.0405 हैक्टेयर |
| | | | 473/3 | रकबा 0.0567 हैक्टेयर |
| | | | 472/4 | रकबा 0.0567 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 09/09/2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त
नगर परिषद, राजसमन्द



**कार्यालय नगर परिषद निम्बाहेड़ा जिला-चित्तौड़गढ़ ( राज. )**

क्रमांक/न.प.नि/स्टोर/मेला/2025-26/3686-89 दिनांक: 07/09/2025

**निविदा संशोधन सूचना**

**( E NIT No.-02/2025-26)**


परिषद द्वारा पत्रांक/न.प.नि/स्टोर/मेला/2025-26/22-24 दिनांक 22/08/2025 से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई । उक्त निविदा प्रपत्र के साथ कार्य में संलग्न की गयी शर्त सं.7 व 8 को विलोपित किया जाता है।

शेष शर्ते यथावत रहेगी।

( विकास पंचोली )
प्रशासक
नगर परिषद निम्बाहेडा

( कौशल कुमार खटूमरा )
आयुक्त
नगर परिषद निम्बाहेडा


# टूटी पुलिया की अस्थाई मरम्मत के कार्य का किया अवलोकन



उदयपुर जिला कलक्टर नमित मेहता ने गोगुन्दा क्षेत्र के अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।

■ जिला कलक्टर अतिवृष्टि प्रभावित गोगुन्दा क्षेत्र का दौरा करने पहुंचे

**उदयपुर**, (कासं)। अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में आमजन को त्वरित राहत प्रदान कराने की राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन पूरी तरह से संवेदनशील है। जिला कलक्टर नमित मेहता लगातार क्षेत्र का दौरा कर हालातों की जायजा ले रहे हैं। इसी क्रम में जिला कलक्टर ने मंगलवार को गोगुन्दा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों का अवलोकन करते हुए आमजन को अस्थायी तौर पर त्वरित राहत के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

जिला कलक्टर नमित मेहता मंगलवार दोपहर बाद ग्रामीण क्षेत्रों के दौरे पर रवाना हुए। सर्वप्रथम वह गोगुन्दा क्षेत्र के मोखी गांव पहुंचे। इस दौरान एसडीएम शुभम भैसारे, विकास अधिकारी महीप कुमार, तहसीलदार रणछोड़ लाल सहित निर्माण विभाग अधिकारी भी मौजूद रहे। कलक्टर ने मोखी में टूटी पुलिया की अस्थाई मरम्मत के कार्य का अवलोकन किया। साथ ही क्षेत्र में गांवों की संपर्क सड़कों, भवनों आदि के बारे में जानकारी ली।

इसके पश्चात मेहता पड़ावली पहुंचे। यहां सड़क ढहने वाले स्थल का अवलोकन किया। ग्रामीणों ने अतिवृष्टि के दौरान साबरमती नदी के जलस्तर के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने सड़क को अस्थाई रूप से ठीक कर यातायात बहाल करने की जानकारी दी।

जिला कलक्टर ने ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया। इस दौरान उन्होंने अतिवृष्टि से क्षेत्र में हुई समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। मुख्य मार्ग के अलावा अंदरूनी रास्तों पर आई समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। जिला कलक्टर ने केलथरा गांव में ध्वस्त हुई पुलिया की जानकारी लेते हुए विभागीय अधिकारियों को त्वरित रेस्टोरेशन के निर्देश दिए। इस कार्य में पंचायत को भी स्थानीय स्तर पर सहयोग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्वरित कार्य कर यातायात बहाल करें, ताकि ग्रामीणों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। इस दौरान वास पंचायत के उप सरपंच रणजीत सिंह ने इलाके में अतिवृष्टि के प्रभाव के बारे में बताया। वहीं ग्रामीणों ने मक्का, सोयाबीन, उड़द की फसल खराबे के बारे में बताया। कलक्टर ने अधिकारियों को सर्वे के निर्देश दिए।

ग्रामीणों ने साबरमती नदी पर बड़ा पुल बनाने की आवश्यकता जताई। लोगों ने बताया कि सीनियर स्कूल में करीब 300 बच्चे और 100 बच्चे निजी स्कूलों में जाते हैं। पुल बनने से आवागमन में सुविधा रहेगी। जिला कलक्टर ने शिवालिक डेम के ओवरफ्लो एरिया का भी अवलोकन किया।

इस दौरान पटवारी, गिरदावर और स्थानीय कार्मिकों को क्षेत्र में रपट, पुलिया, सड़क, भवन, फसल आदि के खराबे की जानकारी तुरंत देने तथा जहां सुधार की आवश्यकता हो उसके प्रस्ताव यथाशीघ्र प्रेरित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने पडावली स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भी अवलोकन किया। इस दौरान आउटडोर, स्टाफ, संबंधित सब सेंटर आदि के बारे में जानकारी ली।

### एकल गायन में नरेंद्र प्रथम

**राजसमंद**, (निसं)। समीपवर्ती वणाई राउमावि में पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्रभारी गणेश कुमावत ने बताया कि विद्यालय में वाद-विवाद हिंदी व अंग्रेजी, निबंध हिन्दी व अंग्रेजी और देश भक्ति एकल गायन प्रतियोगिता हुई। कक्षा 5 से 8 तक और दूसरा समूह कक्षा 9 से 12 तक के दो समूह बनाए गए, जिसमें प्रथम समूह की वाद-विवाद हिंदी प्रतियोगिताओं में काव्या प्रजापत प्रथम स्थान, वाद-विवाद में अंग्रेजी में यमुना गुर्जर ने प्रथम स्थान, निबंध हिन्दी में लक्ष्मी भील प्रथम स्थान, निबंध अंग्रेजी में विनय गुर्जर ने प्रथम स्थान और देश भक्ति एकल गायन में नरेंद्र सिंह प्रथम स्थान पर रहे। दूसरे समूह की प्रतियोगिताओं में वाद-विवाद हिंदी में दुर्गेश गुर्जर ने प्रथम स्थान, निबंध अंग्रेजी में आकांक्षा प्रजापत ने प्रथम स्थान और देश भक्ति एकल गायन में किरण भील प्रथम स्थान पर रही। बच्चों ने उनके जीवन परिचय, वैज्ञानिक जीवन, पुरस्कार, सम्मान एवं पुस्तकें, मिसाइल मैन क्यों कहा गया, शिक्षा और वैज्ञानिक उपलब्धियां, कलाम का राजनीतिक जीवन आदि के बारे में लिखा और विचार व्यक्त किए ।

# जन-जन तक पहुंचे वेदों का ज्ञान : प्रो. सारंगदेवोत



कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, डॉ. पंकज कुमार शर्मा ने प्रदर्शनी का फीता का कांट कर शुभारंभ किया।

■ राजस्थान विद्यापीठ में वैदिक प्रदर्शनी का शुभारंभ

**उदयपुर**, (कासं)। राजस्थान विद्यापीठ के संघटक साहित्य संस्थान एवं महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय वेद ज्ञान सप्ताह का शुभारंभ संस्थान के सभागार में कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, मुख्य वक्ता डॉ. पंकज कुमार शर्मा, डॉ. सुरेन्द्र शर्मा, निदेशक प्रो. जीवन सिंह खरकवाल, प्रभारी डॉ. महेश आमेटा, संयोजक डॉ. कुलशेखर व्यास ने प्रदर्शनी का फीता का कांट कर शुभारंभ किया।

प्रो. जीवन सिंह खरकवाल ने सात दिवसीय समारोह की जानकारी देते हुए बताया कि 7 दिन अलग-अलग महाविद्यालय, विश्वविद्यालय में वेदों से सम्बंधित व्याख्यान होंगे। अध्यक्षता करते हुए कुलपति कर्नल प्रो. एस एस सारंगदेवोत ने कहा कि वेद ज्ञान सप्ताह का उद्देश्य वेदों के ज्ञान का प्रचार प्रसार करना है ताकि आमजन में ज्ञान, संस्कार और श्रद्धा का विकास हो सके। वैदिक ज्ञान को जन जन तक पहुंचाने की जरूरत है। समस्त ज्ञान एवं धर्म का मूल वेद है। वर्तमान समय में हम वैदिक संस्कृति से दूर होते जा रहे है जिस कारण समाज अनेक विकृतियॉ एवं समस्याएँ उत्पन्न हो रही है। वेद किसी धर्म विशेष के ग्रंथ न होकर सम्पूर्ण मानवता के ग्रंथ है। इसमें मानव का आदि इतिहास समाहित है। वेदों में मंत्र की शक्ति है। साथ ही शब्द ब्रह्म है पर अपने विचार व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त दुर्गा सप्तशती के महत्व को स्पष्ट किया। मुख्य वक्ता डा. पंकज कुमार शर्मा ने वैदिक ऋचाओं में खगोल विज्ञान निहित है। उसको स्पष्ट किया साथ ही गणपति के मंत्र की व्याख्या प्रस्तुत करते हुए मंत्र की शक्ति को बताया।

# उदयपुर में मिलेगा परंपरागत जनजाति व्यंजनों का चटकारा

**उदयपुर**,(कासं)। जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में इस वर्ष को जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

उदयपुर में 17 से 19 सितम्बर को नगर निगम के टाउन हॉल परिसर में नेशनल ट्राईबल फूड फेस्टिवल - 2025 आयोजित होगा। इसमें देश भर के विभिन्न राज्यों में प्रचलित पारंपरिक जनजाति व्यंजनों के लुत्फ लेने का अवसर मिलेगा। माणिक्यलाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान के तत्वावधान में होने वाले इस फेस्टिवल में देश भर से 100 पाक कलाकार भाग लेंगे। फेस्टिवल में प्रवेश पूरी तरह से निःशुल्क रहेगा। टीआरआई निदेशक ओ पी जैन ने बताया कि फूड फेस्टिवल में महाराष्ट्र के महादेव कोली जनजाति के मासवडी, डांगर भाकरी, कडक माकरी, केरल से कुरूलिया एवं माविलन जनजाति द्वारा मुलायरी पायसम, मुलायरी ओड़ा, चुक्का, रागी पजन्पुरी का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा मध्यप्रदेश से बारेला, बेगा, मलासी जनजाति द्वारा लाल ज्वारी के लड्डू, जंगली मौसंबी भाजी, कुटकी भात, जम्मू कश्मीर से गुज्जर जनजाति द्वारा कद्दू खीर, कुंगी मुकुम बिहार से निरमाला जनजाति द्वारा रागी लड्डू व राईस लड्डू का प्रदर्शन होगा।

### मेडल जीते

**कपासन**, (निसं)। चित्तौड़गढ़ में आयोजित 69वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के बॉक्सिंग इवेंट में मॉडल स्कूल कपासन ने शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल के खिलाड़ियों ने अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग में कुल 23 मेडल जीते। इनमें 13 गोल्ड, 6 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। स्कूल में विजेता खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर स्कूल स्टाफ के बद्री लाल विजयवर्गीय, सुरेश जाट, पूरणमल जाट, संदीप पाराशर, इंदिरा शर्मा और इंदु बाला गर्ग मौजूद रहे। शारीरिक शिक्षक दया शंकर जोशी का विशेष सम्मान किया गया।

# खेल हमें जीवन जीने की कला सिखाते हैं : महेन्द्रजीत सिंह मालवीया



जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के समापन पर विजेता टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित करते अतिथि।

बांसवाड़ा, (निसं)। पीएमश्री राउमावि बड़ोदिया में 69वीं जिलास्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता 17 एवं 19 वर्ष का समापन समारोह पूर्व केबिनेट मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीया के मुख्य आतिथ्य, बागीदौरा प्रधान सुभाष खराड़ी की अध्यक्षता एवं पूर्व पीसीसी महासचिव चांदमल जैन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ललित पाटीदार, चंद्रकांत खोड़निया, भाजपा मंडल अध्यक्ष लालसिंह सोलंकी, डॉ.स्वामी विवेकानन्द महाराज तथा विभागीय प्रतिनिधि एडीईओ मा.शि. गौतम कटारा व एसीबीईओ बसन्त सौनी के सानिध्य में हुआ। प्रारंभ में संस्था प्रधान अनुभूति जैन एवं बापूलाल गर्ग ने अतिथियों का तिलक लगा, उपरना ओढ़ा व पगडी पहनाकर स्वागत किया। संस्था प्रधान अनुभूति जैन ने स्वागत उद्बोधन देते हुए टूर्नामेंट की गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीया ने कहा कि खेल के माध्यम से अनुशासन, आपसी समन्वय एवं नेतृत्व क्षमता के विकास के साथ व्यक्तित्व का विकास होता है। खेल हमें जीवन जीने की कला सिखाते है खेल को करियर के रूप में चुने तो उसके लिए खिलाडी को शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत होकर खेल के लिए समर्पित होना आवश्यक है। प्रधान सुभाष खराड़ी ने खेल के महत्व एवं व्यावहारिक जीवन में खेल की उपादेयता पर विचार व्यक्त किए। मुख्य पर्यवेक्षक लक्ष्मीनारायण टेलर ने प्रतियोगिता का प्रतिवेदन एवं आगामी राज्य स्तरीय टूर्नामेंट की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रतियोगिता में 19 वर्ष में पीएमश्री बड़ोदिया विजेता एवं सरेड़ी बड़ी उपविजेता तथा 17 वर्ष में राउमावि बागीदौरा विजेता व अमेटी ड़डुका उपविजेता रहे। 17 व 19 आयु वर्ग में जिग्नेश पाटीदार एवं कीर्तन पाटीदार सर्वश्रेष्ठ खिलाडी चुने गए। 19 वर्ष में रामसिंह चौहान व 17 वर्ष में जयंत पाटीदार ने जनरल रेफरी की भूमिका अदा की। प्रतियोगिता के दौरान पीएमश्री बड़ोदिया स्टाफ एवं एनएसएस के छात्रों ने प्रतिदिन तन व मन से समर्पित होकर अपने दायित्व का निर्वहन किया। इस दौरान जिले व ब्लॉक से प्रतिनियुक्त शारीरिक शिक्षकों व शिक्षकों ने भी अपना दायित्व बखूबी निभाया। चार दिनों तक सम्भागी खिलाड़ियों व प्रतिनियुक्त स्टाफ के लिये स्थानीय भामाशाहों की तरफ से भोजन की व्यवस्था की गई।

19 वर्ष छात्र वर्ग में पीएमश्री बड़ोदिया व राउमावि सरेड़ी बड़ी के मध्य खेले गए फाइनल मैच के दौरान पूर्व केबिनेट मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीया, प्रधान सुभाष खराड़ी, चांदमल जैन, ललित पाटीदार, लालसिंह सोलंकी, डॉ. स्वामी विवेकानन्द महाराज, चंद्रकांत खोड़निया, कांतिलाल खोड़निया, एडीईओ गौतम कटारा, एसीबीईओ बसन्त सोनी, जगदीशचन्द्र जोशी, प्रधानाचार्य अनुभूति जैन, बापूलाल गर्ग, रमेश डोडियार, अविनाश चौबीसा, कमलेश दौसी सहित अतिथियों ने मैच का आनंद लिया।

# मोबाइल व सामान चोरी करने वाले चार गिरफ्तार

**उदयपुर**, (कासं)। गोगुन्दा थाना पुलिस ने दुकान से किराणा सामान, मोबाईल व आभूषण चोरी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

प्रकरण के अनुसार 6 सितंबर को लोकेश कुमार पुत्र हीरालाल सुराणा निवासी गोगुन्दा ने रिपोर्ट दी कि 4 सितंबर को अज्ञात व्यक्ति दुकान की छत का गेट तोड़ दुकान में घुस किराणा सामान, करीब 30 मोबाईल एवं सोने चांदी के आभूषण व 15 हजार रूपये नकदी चुरा ले गए।

### उदयपुर को मिला वेटलैण्ड शहर का प्रमाण पत्र

**उदयपुर**,(कासं)। रामसर कंर्वेशन की ओर से वेटलैण्ड शहरों की सूची में शामिल उदयपुर को प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है।

मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने उदयपुर और इंदौर शहरों को रामसर कंर्वेशन की ओर से जारी प्रमाण पत्र प्रदान किए। उल्लेखनीय है कि हाल ही रामसर कंर्वेशन ने देश के उदयपुर और इंदौर शहरों को वैश्विक स्तर पर वेटलैण्ड सिटी के रूप में दर्ज करने की घोषणा की थी। रामसर कंर्वेशन ऑन वेटलैण्ड की ओर से 23 से 31 जुलाई 2025 तक जिम्बाम्वे में आयोजित कॉप-15 कांफ्रेन्स में विश्व भर में नव घोषित 31 वेटलैण्ड सिटी को सर्टिफिकेट और अधिस्वीकरण पत्र जारी किए गए थे।


**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4)
न्यायालय पारिवारिक न्यायालय
स्थान सीकर
सौम्या विरुद्ध ओम प्रकाश
वाद/प्रार्थना पत्र 125
प्रार्थना-पत्र संख्या - 60 सन् 2022

नाम ओम प्रकाश शर्मा पुत्र मोहन लाल जाति ब्राह्मण (जांगीड) पता प्लाट नं. 403 विवेक नगर, सेक्टर नं. 3 हिरण मगरी उदयपुर जिला उदयपुर (राज.)

उक्त आवेदिका ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि नकल संलग्न-

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 23 माह 09 सन् 2025 को 10.00 पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश को सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।

यह आज दिनांक 08 माह 09 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय कीमुद्रा लगाकर दी गई।

मोहर अदालत

न्यायालय की आज्ञा से
वरिष्ठ मुंसरिम
पारिवारिक न्यायालय
सीकर (राज.)



**होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र**
**टाटा इंस्टीट्ययूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च**
**राष्ट्रीय ओलंपियाड कार्यक्रम 2025-2026**
**खगोल विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी, जूनियर विज्ञान में**

कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक सभी छात्रों को 22 और 23 नवंबर, 2025 को भारतीय भौतिकी शिक्षक संघ (आईएपीटी) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मानक परीक्षा (एनएसई) (विज्ञान विषयों के लिए) में उपस्थित होना होगा।

एनएसई में योग्यता प्राप्त करना 2026 के संबंधित अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड में भाग लेने की दिशा में पहला कदम है।

**नामांकन करना:** एनएसई: https://www.iapt.org.in (21 अगस्त 14 सितंबर, 2025)

अधिक जानकारी के लिए: https://olympiads.hbcse.tifr.res.in https://www.iapt.org.in

CBC 48143/12/0807/2526



**कार्यालय नगर परिषद निम्बाहेड़ा जिला-चित्तौड़गढ़ ( राज. )**

क्रमांक/न.प.नि/स्टोर/मेला/2025-26/3690-93 दिनांक: 07/09/2025

**निविदा संशोधन सूचना**

**( E NIT No.-04/2025-26)**

परिषद द्वारा पत्रांक/न.प.नि/स्टोर/मेला/2025-26/3419-21 दिनांक 22/08/2025 से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई । उक्त निविदा प्रपत्र के साथ कार्य में संलग्न की गयी शर्त सं.6 व 7 को विलोपित किया जाता है। ऑनलाईन निविदा की अवधि में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है:-

| विवरण | संशोधित दिनांक |
|---|---|
| ऑनलाईन निविदा फार्म डाउनलोड/अपलोड जमा करने की अन्तिम दिनांक | 10.09.2025 सांय 6:00 बजे तक |
| भौतिक रूप से कार्यालय में डीडी जमा कराने की दिनांक | 11.09.2025 प्रात: 11:00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की दिनांक | 11.09.2025 दोपहर 12:00 बजे तक |

शेष शर्ते यथावत रहेगी।

( विकास पंचोली )
प्रशासक
नगर परिषद निम्बाहेडा

( कौशल कुमार खटूमरा )
आयुक्त
नगर परिषद निम्बाहेडा



**भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India**

रासमेक, प्लॉट नं. 1, ब्लॉक-सी, प्रथम तल, सेन्ट्रल कॉमर्शियल एरिया परशुराम चौराहा के पास, उदयपुर, राजस्थान 313001 ई-मेल: sbi.31871@sbi.co.in

प्रतिभूतिहित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [ नियम 8 ( 1 ) देखे ]
**कब्जा सूचना ( अचल सम्पत्ति के लिए )**

जबकि
निम्नहस्ताक्षरकर्ता **भारतीय स्टेट बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ( 2002 का अधिनियम संख्यांक 54 ) के अंतर्गत और धारा 13( 12 ) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी **श्री अंकित जैन पुत्र श्री उत्तम चन्द जैन** एवं सह-ऋणी **श्रीमती नवरतन रूनवाल पत्नी श्री उत्तम चन्द जैन पर मांग सूचना दिनांक 24.06.2025** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर दिनांक **24.06.2025 को बकाया राशि रू. 19,47,829.12 ( रूपये उन्नीस लाख सैंतालीस हजार आठ सौ उनतीस एवं पैसे बारह मात्र )( दिनांक 23.06.2025 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।
ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने दिनांक **04, माह सितम्बर, वर्ष 2025** को उक्त अधिनियम की धारा 13( 4 ) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उसमे प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।
ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 24.06.2025 को बकाया राशि रू. 19,47,829.12 ( रूपये उन्नीस लाख सैंतालीस हजार आठ सौ उनतीस एवं पैसे बारह मात्र ) ( दिनांक 23.06.2025 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **भारतीय स्टेट बैंक, रासमेक, प्लॉट नं. 1, ब्लॉक-सी, प्रथम तल, सेन्ट्रल कॉमर्शियल एरिया, परशुराम चौराहा के पास, उदयपुर, राजस्थान 313001** के प्रभार के अधीन होगा।
कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13( 8 ) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**अचल सम्पत्ति का वर्णन**

सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्री अंकित जैन पुत्र श्री उत्तम चन्द के नाम साम्यिक बंधक सम्पत्ति जो फ्लैट नं. डी-206, द्वितीय तल, ब्लॉक-डी, शालीभद्र नगर बिल्डिंग जो प्लॉट नं. 1 से 4, राजस्व गाँव बेदला, खसरा नं. 2145 से 2158, जिला उदयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल लगभग 950.00 वर्ग फीट है। सीमाएं- उत्तर: फ्लैट नं. डी-205, दक्षिण: खुला मार्ग, पूर्व: फ्लैट नं. डी-207, पश्चिम: रोड़ 40 फीट चौड़ी

स्थान: उदयपुर
दिनांक: 04.09.2025

हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी



**भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India**

रासमेक, प्लॉट नं. 1, ब्लॉक-सी, प्रथम तल सेन्ट्रल कॉमर्शियल एरिया, परशुराम चौराहा के पास उदयपुर, राजस्थान 313001, ई-मेल: sbi.31871@sbi.co.in

प्रतिभूतिहित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [ नियम 8 ( 1 ) देखे ]
**कब्जा सूचना ( अचल सम्पत्ति के लिए )**

जबकि
निम्नहस्ताक्षरकर्ता **भारतीय स्टेट बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ( 2002 का अधिनियम संख्यांक 54 ) के अंतर्गत और धारा 13( 12 ) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी **श्रीमती पूजा रानी पत्नी श्री राकेश कुमार नायक** एवं सह-ऋणी **श्री राकेश कुमार नायक पुत्र श्री खेम चन्द** पर मांग सूचना दिनांक 11.06.2025 पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर दिनांक 11.06.2025 **को बकाया राशि रू. 14,07,034.24 ( रूपये चौदह लाख सात हजार चौंतीस एवं पैसे चौबीस मात्र )( दिनांक 10.06.2025 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।
ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने दिनांक **04, माह सितम्बर, वर्ष 2025** को उक्त अधिनियम की धारा 13( 4 ) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उसमे प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।
ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार दिनांक 11.06.2025 **को बकाया राशि रू. 14,07,034.24 ( रूपये चौदह लाख सात हजार चौंतीस एवं पैसे चौबीस मात्र ) ( दिनांक 10.06.2025 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **भारतीय स्टेट बैंक, रासमेक, प्लॉट नं. 1, ब्लॉक-सी, प्रथम तल, सेन्ट्रल कॉमर्शियल एरिया, परशुराम चौराहा के पास, उदयपुर, राजस्थान 313001** के प्रभार के अधीन होगा।
कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13( 8 ) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**अचल सम्पत्ति का वर्णन**

सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्रीमती पूजा रानी पत्नी श्री राकेश कुमार नायक एवं श्री राकेश कुमार नायक पुत्र श्री खेम चन्द के नाम साम्यिक बंधक आवासीय फ्लैट नं. ए-112 जो भूतल, ब्लॉक-ए, "आर्ची गैलेक्सी", खसरा नं. 4740 मी एवं 4741 मी, राजस्व गाँव जिंक स्मेल्टर, देबारी, तहसील गिर्वा, जिला उदयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल लगभग 515.00 वर्ग फीट बिल्ट अप क्षेत्र है। सीमाएं- उत्तर: खुली जगह, दक्षिण: गलियारा, पूर्व: लिफ्ट, पश्चिम: फ्लैट नं. 111

स्थान: उदयपुर
दिनांक: 04.09.2025

हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी